महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
वेदविद्या मार्ग, चिन्तामण गणेश, पो.ऑ. – जवासिया, उज्जैन – 456006 (म.प्र.)
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan
(Ministry of Education, Govt. of India)
Ved Vidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasia, Ujjain – 456006 (M.P.)

पत्र.सं.17-3/2025(प्र &वि )/मसारावेविप्र/

दिनांक: 14/05/2025

## कार्यालय आदेश - 1697

**विषय : शेष आस्थगित छात्रवृत्ति भुगतान हेतु वित्तपोषित छात्रों की प्रथम सूची जारी करने के सम्बन्ध में ।**

यह ध्यान में आया है, कि विगत कई वर्षों में प्रतिष्ठान द्वारा संचालित वेदविभूषण पाठ्यक्रम उत्तीर्ण कई वित्तपोषित छात्रों को आस्थगित छात्रवृत्ति का भुगतान नहीं हो पाया है । कई वित्तपोषित छात्रों के आस्थगित छात्रवृत्ति हेतु आवेदन प्राप्त नहीं हुए हैं तथा कई वित्तपोषित छात्रों के सप्तम वर्ष उत्तीर्णता होने के बाद की जानकारी प्राप्त नहीं हो रही है ।

प्रतिष्ठान द्वारा पूर्व वर्षों में वेदविभूषण उत्तीर्ण ऐसे वित्तपोषित छात्रों की राज्यवार सूची जारी की जा रही है, जिनकी आस्थगित छात्रवृत्ति भुगतान होना शेष है।

समस्त वेदपाठशाला प्रबंधकों / गुरु-शिष्य परम्परा इकाई अध्यापकों एवं छात्रों को सूचित किया जाता है, कि संलग्न सूची अनुसार जिन वित्तपोषित छात्रों को आस्थगित छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं हुई हैं, उन वित्तपोषित छात्रों के आस्थगित छात्रवृत्ति आवेदन पत्र (संलग्न) के साथ अधोलिखित दस्तावेज की स्पष्ट (पठनीय) स्केन प्रति प्रतिष्ठान को ईमेल आई.डी. msrvvp.academic@gmail.com पर दिनांक 15 जून, 2025 तक प्रेषित करें ।

(1) छात्र के आधार कार्ड की प्रति ।
(2) वेदविभूषण उत्तीर्ण अंकसूची ।
(3) अभिभावक के साथ राष्ट्रीयकृत बैंक में e-KYC updated बैंक पासबुक की प्रति ।

ईमेल से प्राप्त आवेदनों में छात्र के दस्तावेजों तथा प्रतिष्ठान के रिकार्ड में छात्र की वित्तपोषित/वित्तविहीन स्थिति / आस्थगित छात्रवृत्ति भुगतान / उत्तीर्णता आदि बिन्दुओं की जांच उपरांत छात्र को आस्थगित छात्रवृत्ति भुगतान हेतु आवश्यक प्रक्रिया की जाएगी ।

**"आस्थगित छात्रवृत्ति भुगतान के विषय में छात्र / अध्यापकगण प्रतिष्ठान कार्यालय में किसी भी अधिकारी /कर्मचारी से दूरभाष पर संपर्क न करें । दूरभाष पर कोई वार्तालाप नहीं किया जाएगा ।**

संलग्न : (1) छात्रों की राज्यवार सूची ।
(2) आस्थगित छात्रवृत्ति आवेदन पत्र ।

14/5/2025

(प्रो. विरूपाक्ष वि.जड्डीपाल)
सचिव

प्रतिलिपि : (1) समस्त वेदपाठशाला / इकाई अध्यापकों को सूचनार्थ प्रतिष्ठान की वेबसाइट पर प्रकाशित ।
(2) कार्यालय आदेश मिसिल ।